आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 291 | उज्जैन, बुधवार 10 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# नए वाहनों पर सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉजिट से मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट दिये जाने का निर्णय

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार कोमंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा पंजीकृत वाहन स्क्रेपिंग सुविधा में स्क्रेपिंग को बढ़ावा देने के लिए बीएस-। और पूर्ववती तथा बीएस-॥ व्यापक उत्सर्जन मानक मानदंडों वाले वाहनों को जारी सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉजिट के विरुद्ध पंजीकृत किये जाने वाले नए गैर परिवहन यानों तथा नए परिवहन वाहनों पर 50 प्रतिशत की मोटरयान कर में छूट प्रदान किये जाने की स्वीकृति शर्तों के अधीन प्रदान की गयी है।

स्वीकृति अनुसार समस्त यान जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण 1 (बीएस-1) मानक और पूर्ववती व्यापक उत्सर्जन मानक मानदंडों अनुसार विनिर्मित किये गए



है तथा मध्यम मालयान/भारी मालयान/ मध्यम यात्री मोटरयान/भारी यात्री मोटरयान जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण 2 (बीएस-।।) मानदंडों के अनुसार विनिर्मित किये गए हैं, को इसके तहत छूट प्रदान की गयी हैं।

प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 1563 नए वाहन पंजीकरण पर लगभग 17 करोड़ 5 लाख रूपये की छूट प्रदान की गई है। वर्तमान में BS-1 एवं BS-II श्रेणी के लगभग 99 हजार मोटरयान ऑनरोड है। इनको मोटरयान कर में 50% छूट दिए जाने पर 100 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पंजीकृत वाहन स्क्रेपिंग सुविधा में स्क्रेपिंग को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश को 200 करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्राप्त होगी। भारत में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भारत स्टेज (बीएस-1) उत्सर्जन मानदण्डों को सबसे पहले अप्रैल 2000 में लाया गया था।

स्वीकृति अनुसार जिस व्यक्ति के नाम से तत्समय "Certificate of Deposih धारित होगा उसी व्यक्ति के नाम पर नया वाहन क्रय किये जाने पर मोटर यान कर में छूट प्रदान की जाएगी। वाहन स्वामी दवारा नया वाहन खरीदने पर प्रोत्साहन और लाभ प्राप्त करने के लिए, "Certificate of Deposit एक आवश्यक और पर्याप्त दस्तावेज होगा, इस प्रमाण-पत्र की वैधता जारी होने की तिथि से 3 वर्ष होगी।

## सिंघम की याद दिला दी, महाराष्ट्र पुलिस स्टेशन में हुई गोलीबारी पर सुप्रीम कोर्ट ने क्यों की ये टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पुलिस स्टेशन में गोलीबारी की घटना से जुड़े एक मामले में आरोपी व्यक्ति को जमानत न देने के बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला उन्हें हिंदी फिल्म सिंघम की याद दिलाता है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच महाराष्ट्र के उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में पिछले साल पूर्व कॉर्पोरेटर और शिवसेना नेता महेश गायकवाड़ पर पूर्व बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ की गोलीबारी की घटना के आरोपी कुणाल दिलीप पाटिल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पाटिल पर गोलीबारी के दौरान महेश गायकवाड़ के बॉडीगार्ड को रोकने का आरोप है।

एक अलग फिल्म बनाई जा सकती है- बताया जा रहा है कि यह गोलीबारी दो नेताओं के बीच पुरानी दुश्मनी और जमीन के विवाद के कारण हुई। बेंच ने कहा कि यह घटना इतनी फिल्मी है कि इससे एक अलग फिल्म की स्क्रिप्ट बनाई जा सके।

जस्टिस मेहता ने कहा, ÷इससे हमें सिंघम फिल्म की याद आ गई। यह एक ऐसी कहानी है जिसका एक टैगलाइन भी हो सकता है।

## उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद जगदीप धनखड़ ने सरकार से मांगा बंगला, जल्द मिलेगी लुटियन्स दिल्ली में जगह



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा देने के करीब डेढ़ महीने बाद सरकार से एक बंगला आवंटित किए जाने की मांग की है।

सूत्रों ने बताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र लिखकर उन्हें उपयुक्त सरकारी आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

जल्द लिया जाएगा फैसला - पूर्व उपराष्ट्रपति पिछले सप्ताह वीपी एन्क्लेव से दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में शिफ्ट हुए थे। यह फार्महाउस इंडियन नेशनल लोकदल नेता अभय चौटाला का है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अभी तक पूर्व उपराष्ट्रपति को कोई बंगला आवंटित नहीं किया है। इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

कहां आवंटित हो सकता है बंगला- सूत्रों ने बताया कि लुटियन्स दिल्ली स्थित एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर 34 नंबर का टाइप-आठ बंगला तैयार है और इसे पूर्व उपराष्ट्रपति को आवंटित किया जा सकता है, लेकिन इस संबंध में अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

# अवैध मतांतरण कराने वालों पर चलेगा बुलडोजर, सरकार ला रही विधेयक



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान सरकार विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिबंध विधेयक-2025 ला रही है, जिसमें पहली बार बुलडोजर कार्रवाई को कानूनी रूप दिया गया है। जबरन, लालच या धोखे से कराए गए धर्म परिवर्तन पर 20 साल तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रविधान होगा।

गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार अवैध मतांतरण में लिप्त कुछ संस्थाओं द्वारा अवैध भवन निर्माण की जानकारी सामने आई है। अब इन भवनों को बुलडोजर से ध्वस्त किया जा सकेगा। इसके लिए पहले संस्था को 72 घंटे का नोटिस दिया जाएगा।

विधेयक में रखा गया ये प्रावधान- विधेयक में यह भी प्रविधान है कि अवैध धर्म परिवर्तन से जुड़े सभी अपराधों को गैर जमानती माना जाएगा। विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सरकार विधानसभा में नौ सितंबर को यह विधेयक पेश करेगी।

सजा और जुर्माने का भी प्रावधान- विधेयक में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर या झूठे वादे कर शादी करता है और शादी के बाद धर्म बदलता है तो इसे मतांतरण माना जाएगा। केवल मूल पैतृक धर्म में वापसी को मतांतरण नहीं माना जाएगा। अवैध मतांतरण के लिए कम से कम सात और अधिकतम 14 साल की सजा एवं पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## यूपी में 12, बिहार में 10 और... इतने बरसे बादल कि इन राज्यों के शहरों में बढ़ गया बाढ़ का खतरा




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने सोमवार को देशभर में 25 स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति की सूचना दी, जिसमें उत्तर प्रदेश में 12, बिहार में 10 और झारखंड, राजस्थान और बंगाल में एक-एक स्टेशन शामिल हैं।

अन्य 20 स्थानों पर सामान्य से अधिक बाढ़ आ रही है, जिनमें उत्तर प्रदेश में नौ, बिहार में पांच, असम में चार तथा दिल्ली और बंगाल में एक-एक स्टेशन शामिल हैं। इसके साथ ही कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, बंगाल और उत्तराखंड सहित राज्यों में 42 बांधों और बैराजों के लिए बाढ़ का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

यूपी की इन जगहों पर बाढ़ की स्थिति- उत्तर प्रदेश में, मथुरा, आगरा, इटावा, कन्नौज और औरैया में यमुना और गाजीपुर, फतेहपुर, बलिया, बदायूं, कानपुर और वाराणसी में गंगा गंभीर या सामान्य से अधिक बाढ़ की स्थिति में हैं। अयोध्या और बलिया में घाघरा भी गंभीर स्तर पर बह रही है।

बिहार में पटना, भागलपुर, मुंगेर और सारण में गंगा, सुपौल और खगड़िया में कोसी, वैशाली में गंडक और खगड़िया में बूढ़ी गंडक गंभीर बाढ़ की स्थिति में हैं। गुजरात में, नर्मदा, तापी, दमनगंगा, माही, साबरमती, अनास, सोम, रेल और बनास सहित नदियों के अगले दो से तीन दिनों तक सामान्य से ऊपर से लेकर गंभीर बाढ़ के स्तर तक बने रहने की उम्मीद है।

## मुंबई के डोंबिवली में बिरयानी की दुकान में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई के डोंबिवली के पलावा सिटी में मंगलवार तड़के एक बिरयानी की दुकान में आग लग गई। उस समय दुकान बंद थी, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार, कल्याण-शील रोड स्थित केजीएन बिरयानी शॉप में सुबह करीब 7 बजे आग लग गई। कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर जल्दी काबू पा लिया।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में 100 फीसदी वोटिंग, एक-एक सांसद ने लाइन में लगकर डाला वोट

नई दिल्ली (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में बस कुछ देर का समय बाकी है। मंगलवार सुबह शुरू हुआ मतदान का दौर शाम 5 बजे समाप्त हो चुका है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि देर रात नतीजों का ऐलान हो सकता है। NDA की तरफ से सीपी राधाकृष्णन मैदान में थे। जबकि, विपक्षी गठबंधन INDIA ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा था।



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उनके सभी साथी एकजुट रहे और सभी 315 सांसदों ने वोट दिया है। उन्होंने कहा, यह अभूतपूर्व 100 फीसदी वोटिंग है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचक मंडल के लगभग 96 प्रतिशत सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। नए संसद भवन में सुबह दस बजे शुरू हुए मतदान में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदान किया। वह वोट डालने के लिए जब संसद भवन पहुंचे, तो उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और नागरिक विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू मौजूद थे।

शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य इस चुनाव में हिस्सा लेते हैं तथा वे व्हिप के तहत बाध्य नहीं होते।

देश के 17वें उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं), तथा 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं।बीजू जनता दल (बीजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया है। ऐसे में कुल पड़े मतों की संख्या करीब 770 हो सकती है।

# कौन हैं बालेंद्र शाह, जिन्हें नेपाल का नया प्रधानमंत्री बनाने की मांग कर रहे Gen-Z प्रदर्शनकारी?




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में सोशल मीडिया बैन करने के फैसले के विरोध में सोमवार को लाखों की संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, सुरक्षाबलों से उनकी झड़प भी हुई। काठमांडू की सड़कों पर सेना तक उतारनी पड़ गई, लेकिन स्थिति कंट्रोल में नहीं आई। कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया।

Gen-Z आंदोलन में 19 लोगों को जान गंवानी पड़ी, लेकिन मंगलवार को भी प्रदर्शनकारी डटे रहे। उनकी मांग थी कि केपी शर्मा ओली अपने पद से इस्तीफा दें। जब मंगलवार को युवाओं का समूह प्रधानमंत्री कार्यालय में दाखिल होने की कोशिश करने लगा, तब जाकर केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अब प्रदर्शनकारियों की मांग है कि बालेंद्र शाह नेपाल की कमान संभालें।

काठमांडू के मेयर हैं बालेंद्र शाह- बालेंद्र शाह को उनके समर्थक बालेन कहकर भी पुकारते हैं। वह काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर हैं। बालेंद्र शाह का जन्म 1990 में काठमांडू में हुआ था। उन्होंने पहले नेपाल से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री ली। इसके बाद वह पढ़ने के लिए भारत आए।

कर्नाटक के बेलगावी स्थित विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से उन्होंने स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। बालेंद्र शाह शुरुआत में नेपाल के अंडरग्राउंड हिप-हॉप जगत में एक रैपर और गीतकार के रूप में सक्रिय थे। अपने संगीत में वह हमेशा भ्रष्टाचार और असमानता जैसे मुद्दों को उठाते थे।

मेयर चुनाव में रचा था इतिहास- लेकिन समर्थकों की इच्छा और अपनी बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए बालेंद्र शाह ने राजनीति में आने का फैसला किया।

2022 में उन्होंने काठमांडू मेयर चुनाव का स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा और जब नतीजे घोषित हुए, तो उन्होंने सभी को चौंका दिया।

बालेंद्र शाह ने अपने सामने खड़े कई दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए 61,000 से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की।

बालेंद्र शाह ने सबीना काफले से शादी की है। वे सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और हमेशा जनता से जुड़े मुद्दों पर संवाद करते रहते हैं। जब नेपाल में जेन-जी आंदोलन चल रहा था, तब बालेंद्र ने भी इसका समर्थन किया था। हालांकि अपनी उम्र सीमा के कारण वह इसमें शामिल नहीं हो सके थे।

सोशल मीडिया पर होने लगा ट्रेंड- जेन-जी आंदोलन में शामिल होने के लिए 28 वर्ष या उससे कम उम्र के युवाओं से आह्वान किया गया था। बालेंद्र शाह 35 साल के हैं। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर लिखा था, यह रैली स्पष्ट रूप से जेन-जी का एक स्वतःस्फूर्त आंदोलन है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी दिया इस्तीफा, हिंसक प्रदर्शन में अबतक 19 लोगों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के बाद अब राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया ऐप्स पर बैन के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें अबतक 19 लोगों की मौत हो गई है।

नेपाल में 26 सोशल मीडिया ऐप्स पर बैन के विरोध में कल हुए हिंसक प्रदर्शन ने आज और भी उग्र रूप ले लिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि सरकार ने हिंसक विरोध के बाद सोशल मीडिया ऐप्स पर के फैसले को वापस ले लिया है, बावजूद इसके हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

नेपाल में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार हिंसक होता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आगजनी की है। इसके अलावा पूर्व पीएम केपी ओली के दफ्तर पर भीड़ ने हमला किया है। नेताओं और मंत्रियों के दफ्तरों में प्रदर्शनकारी आगजनी और तोड़फोड़ कर रहे हैं।

भारत सरकार ने जारी की एडवायजरी- नेपाल में लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवायजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एडवायजरी में भारतीय नागरिकों को नेपाल यात्रा न करने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि नेपाल में बदलते हालात को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक वहां की यात्रा न करें। वर्तमान में नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें।

## वरना अच्छा नहीं होगा..., ट्रंप के करीबी पीटर नवारो भारत-रूस की दोस्ती देख फिर बिफरे



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। ट्रंप जहां भारत को बेहद खास बता रहे हैं, वहीं नवारो रोज आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं।

सोमवार को उन्होंने धौंस देते हुए कहा कि भारत को जल्द से जल्द अमेरिका से व्यापार वार्ता में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना होगा, वरना दिल्ली के लिए अच्छा नहीं होगा। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि महाराजा टैरिफ लगाकर भारत सरकार हमें नाराज कर रही है। ये सच है कि भारत ने दुनिया में किसी भी देश से अधिक टैरिफ हम पर लगा रखे हैं। हमें उनसे निपटना ही होगा। वहीं एक पोस्ट में नवारो ने रूस के तेल को खून से रंगा हुआ ब्लड मनी बताया और कहा कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत बहुत कम मात्रा में रूस से तेल खरीदता था।

भारत पहले नहीं खरीदता था इतना तेल...- नवारो ने एक्स पर लिखा कि ये तथ्य है कि यूक्रेन पर रूसी हमले से पहले भारत बड़ी मात्रा में तेल नहीं खरीदता था। ये ब्लड मनी है और लोग मर रहे हैं।

नवारो ने पिछले हफ्ते एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि भारत के लगाए उच्च टैरिफ की वजह से अमेरिका में नौकरियां जा रही हैं।

## बलूचिस्तान में सेना के अत्याचारों के खिलाफ जनता का विद्रोह! हमले के बाद भड़का गुस्सा



नई दिल्ली (एजेंसी)। बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना के अत्याचारों के खिलाफ आक्रोश इस कदर बढ़ गया है कि लोगों ने समूचे प्रांत में विरोध का बिगुल बजा दिया है। लोग हड़ताल कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं।

प्रांत में पाकिस्तान सेना की मनमानी, सरकारी कब्जे, बलूचों पर बढ़ते अत्याचार, जनसंहार, गैरकानूनी हत्याओं, युवाओं को अगवा किए जाने के मामलों के बढ़ने से जनता में तनाव चरम पार कर चुका है और सब्र का बांध टूट चुका है।

प्रमुख बलूच मामवाधिकार कार्यकर्ता मीर यार बलूच ने सोमवार को बताया कि दो सितंबर को बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की रैली पर आत्मघाती हमले के बाद लोग विद्रोह पर उतर आए हैं। इस हमले में 15 बलूच नागरिक मारे गए थे, जबकि 35 अन्य घायल हो गए थे।

पाकिस्तानी सेना बेबस- उन्होंने बताया कि आतंकवादी संगठन आईएसआई के खिलाफ ये रैली आयोजित की गई थी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना जनता के प्रतिरोध के सामने शक्तिहीन दिखाई दे रही है। विरोध प्रदर्शनों के दौरान सड़कें और राजमार्ग जाम किए जा रहे हैं और दुकानें बंद कराई जा रही हैं।

## पाकिस्तान में बाढ़ का कहर! महाराजा रणजीत सिंह के पिता का स्मारक क्षतिग्रस्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में भीषण बाढ़ के बीच पंजाब प्रांत के ऐतिहासिक शहर मुल्तान में बाढ़ के पानी में फंसे दस हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। जबकि गुजरांवाला में महाराजा रणजीत सिंह के पिता सरदार महान सिंह के स्मारक का एक हिस्सा भारी बारिश के कारण ढह गया है।

प्रवासी संपत्ति ट्रस्ट बोर्ड (ईपीटीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहियुद्दीन ने सोमवार को बताया, हाल की भारी बारिश के कारण गुज्रांवाला के शेरांवाला बाग में स्थित सरदार महान सिंह की समाधि का एक हिस्सा ढह गया है, जो लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर है। ईपीटीबी पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थलों की देखरेख करता है।

सरदार महान सिंह सिख समुदाय के एक प्रमुख नेता, उपमहाद्वीप और सिख विरासत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति माने जाते हैं। उनकी समाधि का पुनर्स्थापन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक महत्वपूर्ण है। समाधि के पुनर्स्थापन और मरम्मत के लिए एक सलाहकार को नियुक्त किया जाएगा। सरदार महान सिंह महाराजा रणजीत सिंह के पिता थे और सुखेरचाकिया मिस्ल के दूसरे प्रमुख थे।

पाकिस्तान में बाढ़ ने मचाई तबाही- पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि 23 अगस्त से अब तक प्रांत में बाढ़ के कारण कम से कम 60 लोगों की जान जा चुकी है। बाढ़ ने मुल्तान शहर में प्रवेश कर लिया है। पिछले 24 घंटों में बाढ़ के पानी में फंसे दस हजार से अधिक लोगों को मुल्तान में सुरक्षित निकाला गया है।

# पूर्व पीएम केपी ओली का घर फूंकने के बाद नाचने-गाने लगे प्रदर्शनकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में हिंसा भड़के 24 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी तक हालात काबू में नहीं आए हैं। बीते दिन प्रदर्शनकारियों ने नेपाल की संसद पर हमला बोला था। वहीं, आज नेपाल के निवर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का निजी आवास भी आग के हवाले कर दिया गया है।

नेपाल से इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्रदर्शनकारी खुशी से झूमते नजर आ रहे हैं। केपी शर्मा ओली ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसके साथ ही नेपाल में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो केपी शर्मा के निजी आवास का है। यह घर बख्तपुर में मौजूद है। आज सुबह प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास का रुख किया और घर में घुसकर इसे आग के हवाले कर दिया। घर में उठ रही आग की लपटों और काले धुएं को दूर से देखा जा सकता है। केपी शर्मा का जलता हुआ घर देखकर प्रदर्शनकारी खुशी से नाचने लगे। उनका नाच-गाना भी कैमरे में कैद हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद चीजों को भी एक-एक करके जला दिया है।

बता दें कि केपी ओली ने आज शाम को 6 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। हालांकि, बढ़ती हिंसा के कारण उन्हें पहले ही अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। केपी ओली के अलावा नेपाल के गृह मंत्री, कृषि मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने भी इस्तीफा दे दिया है।

# मैं तुम्हारा मुंह तोड़ दूंगा..., एलन मस्क के बाद किसपर फूटा अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बैसेंट का गुस्सा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट फाइटिंग मास्टर बन चुके हैं। एलन मस्क के साथ मारपीट करने के बाद अब बेसेंट एक और अमेरिकी अधिकारी से भिड़ गए हैं। हाल ही में एक डिनर पार्टी के दौरान स्कॉट बेसेंट और बिल पुलते के बीच तीखी बहसबाजी हो गई।

यह डिनर पार्टी ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के वाशिंगटन डीसी स्थित पॉश क्लब में आयोजित किया गया था। पार्टी में शिरकत करने पहुंचे स्कॉट बैसेंट अचानक फेडरेल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के अध्यक्ष बिल पुलते पर भड़क गए। पॉलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, बैसेंट ने पुलते को देखते ही पूछा, तुमने राष्ट्रपति से मेरे बारे में क्या कहा है? इसके बाद बैसेंट ने पुलते के लिए अपशब्दों की झड़ी लगा दी। यही नहीं, बैसेंट ने कहा, मैं तुम्हारे मुंह पर मुक्का मार दूंगा और तुम्हारा मुंह तोड़ दूंगा।

बैसेंट का यह रवैया देखकर पुलते समेत डिनर पार्टी में पहुंचे सभी लोग सन्न रह गए। बैसेंट यहीं नहीं रुके, उन्होंने अल्टीमेटम दे डाला कि इस पार्टी में या तो पुलते रहेंगे या फिर मैं। बैसेंट ने क्लब के पार्टनर उमीद मालिक की तरफ इशारा करते हुए कहा, आप बताओ कौन यहां से बाहर जाएगा।

बैसेंट ने कहा, एक काम करते हैं, दोनों बाहर चलते हैं। पुलते बोल पड़े, किसलिए? बात करनी है? इसपर बैसेंट ने कहा, नहीं मैं तुम्हें पीट दूंगा।

# जल संकट से लड़ने में नवाचार का रोल मॉडल बना राजनांदगांव



नई दिल्ली (एजेंसी)। पानी की किल्लत से जूझते देश के लिए छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव जिला एक उदाहरण बन गया है। जब केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट ने जिले में गिरते भूजल स्तर के खतरे से आगाह किया, तो प्रशासन ने पारंपरिक तरीकों से हटकर नवाचार की क्रांति छेड़ी। इस अनोखे और बड़े अभियान ने न केवल जल संरक्षण का एक नया माडल पेश किया है, बल्कि इसे देश का पहला ऐसा जिला भी बना दिया है, जिसने जल संचयन के लिए इतनी बड़ी संख्या में अत्याधुनिक संरचनाएं तैयार की हैं।

2022 से जारी इस अभियान में जिला पंचायत ने ग्रामीणों के साथ मिलकर 25,000 से अधिक जल संरचनाएं बनाई हैं। इनमें 22 हजार से अधिक सोख्ता गड्ढा यानी रिचार्ज पिट, सोक पिट शामिल है। साथ ही 400 इंजेक्शन वेल, 1200 से ज्यादा पर्कोलेशन टैंक और 273 से अधिक रिचार्ज शाफ्ट हैं। इन अधोसंरचनाओं को न्यूनतम लागत और श्रमदान से तैयार किया गया है। मनरेगा के तहत इसमें काम किया गया है। महिला समूहों की ओर जनजागरूकता और लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में आधुनिक उपायों का उपयोग पूरे देश में कहीं नहीं हुआ है। इन संरचनाओं के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन जीआइएस और राजस्व नक्शों की मदद से किया गया, जिससे अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित हो सके।

## महाराष्ट्र के ठाणे में इमारत का हिस्सा ढहा, महिला की मौत; बचाव अभियान जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार आधी रात के बाद सड़क पर टहल रही एक 62 वर्षीय महिला की एक इमारत का एक हिस्सा गिरने से मौत हो गई और उसकी बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि यह घटना मुंब्रा इलाके के दौलत नगर स्थित लकी कंपाउंड में रात 12.36 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि चार मंजिला इमारत के एक फ्लैट की दीवार का एक हिस्सा गिर गया और सड़क किनारे टहल रही दो महिलाओं पर गिर गया।

घायल महिला का अस्पताल में चल रहा इलाज- अधिकारी ने बताया कि इल्मा ज़ेहरा जमाली (26) नामक एक महिला को चोटें आईं, जबकि उसकी सास नाहिद जैनुद्दीन जमाली (62) को अस्पताल ले जाने के बाद मृत घोषित कर दिया गया।

दोनों एक ही इलाके के सना टावर में रहती थीं। उन्होंने बताया कि घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि नगर निगम ने प्रभावित इमारत को सी2बी श्रेणी के तहत खतरनाक घोषित किया है।

## विशाखापट्टनम की कैमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, नौसेना की मदद से घंटों बाद पाया काबू





नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम की एक कैमिकल फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान छूने लगीं और हर तरफ धुआं ही धुआं देखने को मिला।

यह घटना रविवार दोपहर की है, जब ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम कैमिकल में भीषण आग लग गई। भारतीय नौसेना ने तुरंत एक्शन लेते हुए फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

नौसेना के हेलीकॉप्टर ने की मदद- सोमवार की सुबह भी नौसेना का विमान फैक्ट्री पर मंडराता दिखाई दिया। हेलीकॉप्टर ढूहस् डेगा से पानी लेकर फैक्ट्री पर गिरा रहा था। साथ ही आसमान से झाग भी गिराया जा रहा था, जिससे आग को लपटों को कम किया जा सके।

कैमिकल फैक्ट्री में आग कैसे लगी - जानकारी के अनुसार, विशाखापट्टनम में मिथेनॉल स्टोरेज पर बिजली गिर गई थी। इस स्टोरेज में 7,500 किलो मिथेनॉल मौजूद थी, जिसके कारण ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम कैमिकल्स में आग लग गई।

यह आग लगातार फैलती चली गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि इस हादसे में किसी भी जानमाल की हानि नहीं हुई।

## मुंबई में नेवी के जवान की राइफल चोरी, सेना की वर्दी में आए चोर ने कैसे दिया सभी को चकमा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चोर नेवी ऑफिसर की इंसास राइफल और मैगजीन चोरी करके फरार हो गया। चोर नौसेना की वर्दी में आया था, जिससे कोई उसकी मंशा नहीं समझ सका। चोरी हुई राइफल 40 राउंड से लोडेड थी। इस घटना के बाद पूरी मुंबई में सनसनी फैल गई है।

मुंबई पुलिस को फौरन मामले की जानकारी दी गई। नेवी के अधिकारी ने कफ परेड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

कैसे हुई चोरी- रक्षा मंत्रालय के पीआरओ ने भी घटना की जानकारी दी है। पीआरओ के अनुसार, यह घटना 6 सितंबर की रात को हुई। अग्निवीर का नौसेना जवान ड्यूटी पर तैनात था। तभी नौसेना की वर्दी में एक अंजान शख्स आया और उसने नौसैनिक को बताया कि वो पोस्ट संभालने आया है।

डिफेंस पीआरओ ने कहा- ड्यूटी पर तैनात नौसेना के संतरी के पास एक व्यक्ति नौसेना की वर्दी पहनकर आ गया। उसने ऐसा दिखावा किया कि वह संतरी को ड्यूटी से रिलीव कराने आया है। नौसेना कर्मी ने अपनी राइफल और गोला-बारूद उस व्यक्ति के हवाले कर दिया। कुछ देर बाद संतरी का काम संभालने वाला वह व्यक्ति राइफल लेकर फरार हो गया।

इस मामले के लिए जांच बोर्ड का गठन किया गया है। मुंबई पुलिस के अलावा कई सरकारी एजेंसियां भी आरोपी की तलाश कर रही हैं। भारतीय नौसेना सभी जरूरी मदद मुहैया करवा रही है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर नारियल और तेल की बोतलें चोरी कर फंसे 15 अधिकारी, नौकरी से बर्खास्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के 15 से अधिक अधिकारियों को अपनी एक गलती के कारण नौकरी से हाथ धोना पड़ गया है। इन अधिकारियों पर एयरपोर्ट की सुरक्षा जांच के दौरान जब्त किए जाने वाले सामानों के निजी उपयोग का आरोप है।

इन सामानों में चाकू, बैटरी, खिलौने, सेलो टेप, मिर्च, लाइटर, ई-सिगरेट, नारियल, तेल आदि जैसी वस्तुएं शामिल हैं। ये सामान पैसेंजर केबिन में प्रतिबंधित हैं और एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ द्वारा की जाने वाली सुरक्षा जांच में यात्रियों से जब्त कर ली जाती है।

तुरंत इस्तीफा देने को कहा- एक अगस्त को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के एचआर डिपार्टमेंट ने आरोपी अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज दिखाई। इन फुटेज में अधिकारी प्रतिबंधित वस्तुओं को अपने पर्सनल इस्तेमाल के लिए ले जाते दिख रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अधिकारियों से कहा गया कि या तो वे तुरंत इस्तीफा दे दें या फिर उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा।

जिन अधिकारियों की नौकरी गई है, वे पिछले एक-दो दशक से एमआईएएल में कार्यरत हैं। इसमें सीनियर ड्यूटी टर्मिनल ऑफिसर, ड्यूटी टर्मिनल मैनेजर, डिप्टी मैनेजर और सीनियर एग्जीक्यूटिव शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि पहली बार गलती करने पर उन्हें चेतावनी नहीं दी गई, बल्कि सीधे बाहर निकाल दिया गया।

कूड़े में डाल दिया जाता है सामान- बता दें कि एयरपोर्ट पर यात्रियों से जब्त की गई वस्तुओं को सीआईएसएफ एमआईएएल टर्मिनल ऑपरेशन डिपार्टमेंट को भेजती है। हर 12 घंटे पर जब्त सामानों की रजिस्टर में एंट्री करानी पड़ती है। बाद में इन सामानों को या तो कूड़े में डाल दिया जाता है या फिर एनजीओ रेस्क्यू फ़ाउंडेशन द्वारा बक्सों में भरकर ले जाया जाता है।

## करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में..., नेपाल हिंसा पर आया विदेश मंत्रालय का बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल की सड़कों से बीते दिन जो तस्वीरें सामने आईं, उसने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया। सरकार के फैसले के खिलाफ बड़ी तादाद में युवाओं ने संसद पर हमला बोला, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई और कई लोग जख्मी है। यह कोई आम हिंसा नहीं थी। वहीं, अब भारत सरकार ने भी इसपर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेपाल को एहतियात बरतने की सलाह दी है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि नई दिल्ली ने हालातों पर बारीकी से नजर बना रखी है। हम नेपाल के सभी नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील करते हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, बीते दिन नेपाल में भड़की हिंसा के बाद हम पूरी स्थिति को मॉनिटर कर रहे हैं। इस हिंसा में कई लोगों की जान चली गई, जिससे हम बेहद दुखी हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हम संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। हम घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना करते हैं।

विदेश मंत्रालय का बयान- विदेश मंत्रालय का कहना है कि नेपाल का पड़ोसी और करीबी मित्र होने के नाते भारत उम्मीद करता है कि वहां हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। सभी मामलों को शांतिपूर्ण बातचीत से सुलझाना बेहतर होगा।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, नेपाल की राजधानी काठमांडू समेत कई शहरों में कर्फ्यू लगा है। नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। उन्हें स्थानीय गाइडलाइंस को फॉलो करने के लिए कहा गया है।

सोशल मीडिया बैन के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन- बीते दिन कई प्रदर्शनकारियों ने नेपाल की संसद पर हमला बोल दिया था, जिसके बाद नेपाल के कई शहरों में कर्फ्यू लग गया था। वहीं आज सुबह से फिर प्रदर्शनकारी सड़कों पर जमा होने लगे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत  कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृतीया


## संपादकीय

# बड़े बुजुर्गों और हमारी पिछली पीढ़ियों से हम सतयुग और कलयुग का नाम सुनते आ रहे है




बड़े बुजुर्गों और हमारी पिछली पीढ़ियों से अक्सर हम सतयुग और कलयुग का नाम सुनते आ रहे हैं जिसे समझने के लिए हमें भारतीय कवि गीतकार प्रदीप के भजन देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान कितना बदल गया इंसान और आज के इस इंसान को ये क्या हो गया इसका पुराना प्यार कहां पर खो गया, को सुनकर खासकर वर्तमान पीढ़ी के युवाओं को रेखांकित करना समय की मांग है। वैसे तो परिस्थितियों के अनुसार स्थितियां बदलती रहती है परंतु मेरा मानना है कि हमारे बड़े बुजुर्गों के प्रति सोच में बदलाव को सभी ने एक साथ मिलकर रोकना होगा क्योंकि हमारे बड़े बुजुर्ग कुल और वंश का एक प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्तित्व हैं। वह हमारी धरोहर हैं, इन्हें भौतिक सुख सुविधाओं से अधिक अपनों के साथ की ज़रूरत होती है। हमारे युवाओं को यह समझना होगा कि हमारे बड़े बुजुर्ग वह पेड़ है जो थोड़े कड़वे हो सकते हैं लेकिन इनके फल बहुत मीठे होते हैं, इसके दो कदम आगे इनकी छांव का कोई मुकाबला नहीं हो सकता।

साथियों बात अगर हम हमारे बड़े बुजुर्ग रूपी धरोहर को सुरक्षित रखने की करें तो हम सबको मिलकर इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे हमारी सोच को इनके प्रति सकारात्मक बनाए रखना होगा पाश्चात्य और नए जमाने की सोच को विराम देना होगा क्योंकि सांस्कृतिक श्लोकों में भी आया है, अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोंसेविनः ! चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम!!अर्थात जो बुजुर्ग वृद्धजनों विनम्र और नित्य अनुभवी लोगों की सेवा करते हैं उनकी चार चीजें हमेशा बढ़ती रहती हैं -आयु विद्या यश और बल ! पर अफसोस इस बात का है कि यह चारों चीजें सभी को चाहिए लेकिन!! वृद्ध जनों बुजुर्गों अनुभवी सम्मानित लोगों की सेवा कोई नहीं करना चाहता है !

साथियों हाल ही में, बुजुर्गों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था हेल्पएज इंडिया द्वारा 4.5 हजार लोगों पर किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार जो प्रमुख तथ्य सामने आए वे इस प्रकार हैंः-सर्वेक्षण के मुताबिक देश के 19 शहरों में बुजुर्गों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। उनमें मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर प्रमुख हैं। बुजुर्गों को प्रश्नावली भरने को दी गई थी, उसमें लगभग 44 फ़ीसदी लोगों ने यह स्वीकारा कि सार्वजनिक स्थलों पर उनके साथ बुरा व्यवहार किया जाता है।देश के 53 फ़ीसदी बुजुर्ग ऐसा मानते हैं कि समाज में उनके साथ भेदभाव किया जाता है।सार्वजनिक स्थलों पर किसी बात की जानकारी मांगने पर 64 फ़ीसदी लोग उनके साथ बुरे लहजे में बात करते हैं।सार्वजनिक स्थलों की लाइन में आगे खड़े होने पर 12 फ़ीसदी बुजुर्गों को आसपास मौजूद लोगों की उग्र प्रतिक्रिया देनी पड़ती है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक मेंटिनेस एंड वेलफेयर ऑफ सीनियर सिटीजन एक्ट पर सही ढंग से अमल नहीं हो रहा।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के महत्व की करें तो, इंसान सब कुछ भूल सकता है, लेकिन अपने पूर्वज नहीं। इनके बिना हमारा इतिहास बिल्कुल बेकार है और इतिहास बोध से कटे हुए समाज जड़ों से टूटे हुए पेड़ के समान होते हैं। जिस घर के अंदर बड़े बुजुर्गों का आदर और सम्मान नहीं किया जाता उस परिवार में सुख, समृद्धि, संतुष्टि और स्वाभिमान कभी नहीं आ सकता। बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान होते हैं। बुजुर्ग हमारी धरोहर है। उन्हें सहेजने की जरूरत होती है। अगर हम परिवार में स्थाई रूप से सुख-शांति और समृद्धि पाना चाहते हैं, तो परिवार में बुजुर्गों का सम्मान अवश्य करें। हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते है।

# बाघा जतीन



बाघा जतीन के बचपन का नाम जतीन्द्रनाथ मुखर्जी था। वे ब्रिटिश शासन के विरुद्ध कार्यकारी दार्शनिक क्रान्तिकारी थे। वे युगान्तर पार्टी के मुख्य नेता थे। युगान्तर पार्टी बंगाल में क्रान्तिकारियों का प्रमुख संगठन थी।


### प्रारंभिक जीवन

जतीन्द्र नाथ मुखर्जी का जन्म जैसोर जिले में सन् 1879 ईसवी में हुआ था। पाँच वर्ष की अल्पायु में ही उनके पिता का देहावसान हो गया। माँ ने बड़ी कठिनाई से उनका लालन-पालन किया। 18 वर्ष की आयु में उन्होंने मैट्रिक पास कर ली और परिवार के जीविकोपार्जन हेतु स्टेनोग्राफी सीखकर कलकत्ता विश्वविद्यालय से जुड़ गए। वह बचपन से हई बड़े बलिष्ठ थे। सत्यकथा है कि 27 वर्ष की आयु में एक बार जंगल से गुजरते हुए उनकी मुठभेड़ एक बाघ (रॉयल बेन्गाल टाइगर) से हो गयी। उन्होंने बाघ को अपने हंसिये से मार गिराया था। इस घटना के बाद यतीन्द्रनाथ ÷बाघा जतीन नाम से विख्यात हो गए थे।

### क्रांतिकारी जीवन

उन्हीं दिनों अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना बनायी। बंगालियों ने इसका विरोध खुल कर किया। यतींद्र नाथ मुखर्जी का नया खून उबलने लगा। उन्होंने साम्राज्यशाही की नौकरी को लात मार कर आन्दोलन की राह पकड़ी। सन् 1910 में एक क्रांतिकारी संगठन में काम करते वक्त यतींद्र नाथ हावड़ा षडयंत्र केस में गिरफ्तार कर लिए गए और उन्हें साल भर की जेल काटनी पड़ी।

जेल से मुक्त होने पर वह अनुशीलन समिति के सक्रिय सदस्य बन गए और युगान्तर का कार्य संभालने लगे। उन्होंने अपने एक लेख में उन्हीं दिनों लिखा था- पूंजीवाद समाप्त कर श्रेणीहीन समाज की स्थापना क्रांतिकारियों का लक्ष्य है। देसी-विदेशी शोषण से मुक्त कराना और आत्मनिर्णय द्वारा जीवनयापन का अवसर देना हमारी मांग है। क्रांतिकारियों के पास आन्दोलन के लिए धन जुटाने का प्रमुख साधन डकैती था। दुलरिया नामक स्थान पर भीषण डकैती के दौरान अपने ही दल के एक सहयोगी की गोली से क्रांतिकारी अमृत सरकार घायल हो गए। विकट समस्या यह खड़ी हो गयी कि धन लेकर भागें या साथी के प्राणों की रक्षा करें! अमृत सरकार ने जतींद्र नाथ से कहा कि धन लेकर भागो। जतींद्र नाथ इसके लिए तैयार न हुए तो अमृत सरकार ने आदेश दिया- मेरा सिर काट कर ले जाओ ताकि अंग्रेज पहचान न सकें। इन डकैतियों में गार्डन रीच की डकैती बड़ी मशहूर मानी जाती है। इसके नेता यतींद्र नाथ मुखर्जी थे। प्रथम विश्व युद्ध प्रारंभ हो चुका था। कलकत्ता में उन दिनों राडा कम्पनी बंदूक-कारतूस का व्यापार करती थी। इस कम्पनी की एक गाडी रास्ते से गायब कर दी गयी थी जिसमें क्रांतिकारियों को 52 मौजर पिस्तौलें और 50 हजार गोलियाँ प्राप्त हुई थीं। ब्रिटिश सरकार हो ज्ञात हो चुका था कि बलिया घाट तथा गार्डन रीच की डकैतियों में यतींद्र नाथ का हाथ था।



### अंतिम समय

9 सितंबर 1915 को पुलिस ने जतींद्र नाथ का गुप्त अड्डा काली पोक्ष (कप्तिपोद) ढूंढ़ निकाला। यतींद्र बाबू साथियों के साथ वह जगह छोड़ने ही वाले थे कि राज महन्ती नमक अफसर ने गाँव के लोगों की मदद से उन्हें पकड़ने की कोशश की। बढ़ती भीड़ को तितरबितर करने के लिए यतींद्र नाथ ने गोली चला दी। राज महन्ती वहीं ढेर हो गया। यह समाचार बालासोर के जिला मजिस्ट्रेट किल्वी तक पहुंचा दिया गया। किल्वी दल बल सहित वहाँ आ पहुंचा। यतीश नामक एक क्रांतिकारी बीमार था। जतींद्र उसे अकेला छोड़कर जाने को तैयार नहीं थे। चित्तप्रिय नामक क्रांतिकारी उनके साथ था। दोनों तरफ़ से गोलियाँ चली। चित्तप्रिय वहीं शहीद हो गया। वीरेन्द्र तथा मनोरंजन नामक अन्य क्रांतिकारी मोर्चा संभाले हुए थे। इसी बीच यतींद्र नाथ का शरीर गोलियों से छलनी हो चुका था। वह जमीन पर गिर कर पानी-पानी चिल्ला रहे थे। मनोरंजन उन्हें उठा कर नदी की और ले जाने लगा। तभी अंग्रेज अफसर किल्वी ने गोलीबारी बंद करने का आदेश दे दिया। गिरफ्तारी देते वक्त जतींद्र नाथ ने किल्वी से कहा- गोली मैं और चित्तप्रिय ही चला रहे थे। बाकी के तीनों साथी बिल्कुल निर्दोष हैं। इसके अगले दिन भारत की आज़ादी के इस महान सिपाही ने अस्पताल में सदा के लिए आँखें मूँद लीं।

# पहले बचत करें, नियमित रूप से निवेश करें और निवेशित रहें




नई दिल्ली (एजेंसी)। वेल्थ क्रिएशन का मतलब मार्केट की टाइमिंग के बारे में कम है निवेश करने के तरीकों को सरल बनाया और अनुशासन, धैर्य और प्रतिबद्धता के बारे में ज्यादा है। कॉम्प्लेस इंवेस्टमेंट इकोसिस्टम के जरिए निवेशकों की मदद करने के लिए PhonePe के वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म, Share.Market ने एक पॉडकास्ट सीरीज शुरू किया है, जिसका मकसद जाए। इसके पहले एपिसोड में PhonePe ग्रुप की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन हेड Priya Patankar ने कोटक म्यूचुअल फंड के मैनेजिंग डायरेक्टर Nilesh Shah के साथ बातचीत की।

उन्होंने वेल्थ क्रिएशन, SIP की जटिलताओं को समझने और सफल तरीके से निवेश करने के लिए जरूरी माइंडसेट जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। उनके विचार पूरे भारत में निवेशकों के लिए एक मार्गदर्शन बन सकता है, खासकर आज के समय में, जहां जानकारी तो बहुत है लेकिन क्लियरिटी कम है।

SIP के बारे में गलतफहमियां- नीलेश शाह ने बताया कि कई निवेशक SIP को लेकर अभी भी गलतफहमियों में जी रहे हैं।

SIP केवल इक्विटी तक सीमित नहीं हैं- सबसे बड़ी गलतफहमियों में से एक यह है कि SIP केवल इक्विटी के लिए ही है। जबकि ऐसा नहीं है, SIP डेट फंड, हाइब्रिड फंड, गोल्ड या सिल्वर फंड के लिए भी किए जा सकते हैं। बहुत से लोग अभी भी सोचते हैं कि SIP का मतलब इक्विटी निवेश है, लेकिन SIP एक ऐसा साधन है जिसका उपयोग निवेशक पूरे एसेट क्लास में निवेश करने के लिए करते हैं।

छोटी SIP - एक आम मिथ यह है कि SIP के लिए न्यूनतम 5000 रुपये का निवेश आवश्यक है। लेकिन आज, बाजार में ऐसे उत्पाद उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से निवेशक 50 रुपये जितनी कम राशि से अपनी इक्विटी यात्रा की शुरुआत कर सकते हैं।

## नेपाल के 10 सबसे बड़े अरबपति, भारत समेत दुनिया के अमीरों को देते हैं सीधी टक्कर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में इस समय Gen Z ने आंदोलन छेड़ रखा है। ये आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ बताया जा रहा है। आंदोलन इतना उग्र हो गया कि 18 से 30 साल के युवा नेपाली संसद में घुस गए। नेपाल के प्रधानमंत्री KP Sharma Oli ने इस्तीफा दे दिया है। इस आंदोलन के बीच नेपालियों की खूब चर्चा हो रही है। नेपाल के बड़े बिजनेसमैन भी इस समय मीडिया की सुर्खियां बन रहे हैं। ऐसे में हम आपको टॉप 10 नेपाली अरबपतियों के बारे में बताएंगे जो नेपाल के साथ-साथ पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा रहे हैं। इस लिस्ट में नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह का भी नाम शामिल है।

नेपाल के सबसे बड़े अरबपति के बारे में तो आप जानते ही होंगे। बिनोद चौधरी। जिस तरह से भारत में मुकेश अंबानी की चर्चा होती है। ठीक उसी प्रकार नेपाल में बिनोद चौधरी की बात होती है। वह नेपाल के सबसे बड़े अरबपति हैं। लेकिन उनके अलावा भी कई ऐसी नेपाली है जो चर्चा में रहते हैं।

इस लिस्ट में हमने उन 10 नेपालियों को शामिल किया है। जो नेपाल या फिर नेपाल के बाहर भी रहते हैं। इसमें से कुछ ऐसे अरबपति भी हैं, जिन्होंने अन्य-अन्य देशों की नागरिकता भी ले रखी है।

## म्यूचुअल फंड से पहली बार कर रहे हैं निवेश तो इन बातों का रखें ध्यान; एक्सपर्ट ने क्या बताया?




नई दिल्ली (एजेंसी)। आज म्यूचुअल फंड निवेश के लिए फेमस प्लेटफार्म बन चुका है। निवेशक ज्यादा रिटर्न की चाहत में अक्सर म्यूचुअल फंड को अपने पोर्टफोलियो में शामिल करते हैं। म्यूचुअल फंड में न्यूनतम अनुमानित रिटर्न 12 से 14 फीसदी मिल जाता है। हालांकि ये रिटर्न बाजार के उतार-चढ़ाव पर भी निर्भर करता है।

अगर आप पहली बार म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं, तो ये लेख आपके लिए है।आज हमारे एक्सपर्ट बताएंगे कि पहली बार निवेश करने पर आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। नीचे दिए गए सुझाव टाटा एसेट मैनेजमेंट की प्रमुख उत्पाद, शैली गैंग द्वारा दिए गए है।

### *किन बातों का रखें ध्यान*


निवेश के पीछे न भागे- शैली गैंग द्वारा निवेशकों को ये सुझाव दिया है कि उन्हें रिटर्न के पीछे नहीं भागना चाहिए। बल्कि सही एसेट एलोकेशन पर बने रहना चाहिए। अक्सर निवेशक उन एसेट क्लास में निवेश करते हैं, जिन्होंने हाल ही में बेहतर प्रदर्शन किया हो। हालांकि अच्छे रिटर्न के पीछे भागने से आपके पोर्टफोलियो को नुकसान पहुंचता है।

एक अच्छा पोर्टफोलियो वहीं होगा, जिसमें कुछ फंड अच्छा प्रदर्शन कर रिटर्न बढ़ाए और कुछ स्थिर रिटर्न देकर पोर्टफोलियो को कम जोखिम वाला बनाए।

अपने फंड के हिसाब से निवेश अवधि चुने- म्यूचुअल फंड के जरिए आप अलग-अलग फंड में निवेश कर सकते हैं। ये अलग-अलग फंड अलग-अलग अवधि पर अच्छा रिटर्न दे सकते हैं। क्योंकि इन सभी का स्वभाव अलग होता है। इसलिए फंड के हिसाब से निवेश अवधि का चयन करें।

इमरजेंसी फंड है जरूरी- शैली गैंग ने निवेशकों को ये सुझाव दिया है कि मुख्य निवेश पोर्टफोलियो बनाने से पहले, अपनी मासिक आय का 9-12 महीने का हिस्सा इमरजेंसी फंड के रूप में रखे। अगर आप ऐसा करते हैं तो इमरजेंसी पड़ने पर आपका पोर्टफोलियो खराब नहीं होगा।

## AGR बकाया पर फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची वोडाफोन आइडिया, मंत्रालय के कैलकुलेशन पर उठाए सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। AGR बकाया मामले में बार-बार सुप्रीम कोर्ट से निराशा हाथ लगने के बाद अब एक बार फिर से टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, इस बार कंपनी ने एजीआर बकाया या उस पर ब्याज राहत को लेकर गुहार नहीं लगाई है, बल्कि कोर्ट से मांग की है कि वह एजीआर बकाया का रिकैलकुलेशन करे। दरअसल, वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की है, जिसमें संशोधित समायोजित सकल राजस्व के पीछे के कैलकुलेशन को चुनौती दी गई है, और मांग की गई है कि वित्त वर्ष 2017 तक के बकाये के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा की गई अतिरिक्त कर मांगों को रद्द किया जाए।

कर्ज और नकदी संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया के लिए एजीआर एक बड़ी चिंता का विषय रहा है। पिछले कुछ सालों में एजीआर बकाये से जुड़ी चिंताओं के कारण कंपनी के शेयरों में काफी गिरावट देखने को मिली है। 9 सितंबर को भी वोडाफोन आइडिया के शेयर मामूली गिरावट के साथ 7.27 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

सुप्रीम कोर्ट ने टेलिकॉम कंपनियों की ओर से दायर रिट याचिकाओं को खारिज कर इस कदम को चौंकाने वाला बताया और कहा कि याचिकाएं गलत धारणा पर आधारित हैं।

## सोने की ज्वैलरी खरीदते समय हिडन चार्जेस से कैसे बचें? ये टिप्स कराएंगे आपकी बचत



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोना हर किसी के लिए खास मायने रखता है। भारतीय परिवारों में यह सिर्फ गहना नहीं, बल्कि निवेश और सुरक्षा का भी सबसे बड़ा जरिया माना जाता है। यही वजह है कि इसकी कीमत चाहे जितनी बढ़ जाए, खरीददारों की कमी नहीं होती।

MCX पर मंगलवार, 9 सितंबर को सोना फिर रिकॉर्ड तोड़कर 1,09,268 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।पिछले दिन यानी सोमवार के मुकाबले इसमें 750 रुपए का उछाल देखने को मिला। इसके बावजूद लोग ज्वैलरी, बिस्किट और सिक्के खरीदने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं, जब आप ज्वैलरी खरीदते हैं तो अकसर असली सोने से ज्यादा पैसे छिपे हुए चार्जेस में निकल जाते हैं? जी हां, मेकिंग चार्ज, वेस्टेज और टैक्स जैसी चीजें आपकी जेब पर भारी पड़ती हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे 5 आसान टिप्स, जिनसे आप ज्वैलर्स के हिडन चार्जेस से बच सकते हैं और सही मायनों में सोने का फायदा उठा सकते हैं। चलिए जानते हैं।

ज्वैलर से इनवॉइस मांगें- हमेशा ज्वैलर से डिटेल्ड इनवॉइस मांगें। इस इनवॉइस में सोने की कीमत, मेकिंग चार्ज, वेस्टेज, हॉलमार्किंग फीस और बाकी सभी खर्चे साफ-साफ लिखे होने चाहिए। इससे आपको असली कीमत का अंदाजा हो जाएगा और धोखा खाने की संभावना कम होगी।

2. चार्जेस को कंपेयर करें- सिर्फ एक ही ज्वैलर पर भरोसा न करें। अलग-अलग ज्वेलर्स से दाम पूछें और उनकी प्राइस स्ट्रक्चर की तुलना करें। ऐसा करने से आपको बाजार का रेट पता चलेगा और समझ आ जाएगा कि कौन सा ज्वेलर ज्यादा चार्ज कर रहा है।

3. मेकिंग चार्ज पर नेगोशिएट करें- मेकिंग चार्ज पर बातचीत करना न भूलें। कई लोग झिझक जाते हैं, लेकिन ज्वेलर्स अक्सर मोलभाव करने के लिए तैयार रहते हैं। खासकर जब आप ज्यादा कीमत की ज्वेलरी खरीद रहे हों, तो अच्छी-खासी बचत हो सकती है।

4. हॉलमार्क ज्वैलरी ही खरीदें- हमेशा हॉलमार्क वाली ज्वैलरी ही लें। हॉलमार्किंग के लिए थोड़े पैसे अलग से देने पड़ते हैं, लेकिन यह सोने की शुद्धता और असली होने की गारंटी देता है।

5. रिटर्न-एक्सचेंज पॉलिसी जरूर पूछें- खरीदने से पहले रिटर्न और एक्सचेंज पॉलिसी जरूर पूछें। कई बार ज्वैलर्स ये जानकारी खुलकर नहीं बताते। अगर बाद में आप ज्वैलरी लौटाना चाहें और छुपे नियम सामने आएं, तो नुकसान हो सकता है।

## 22 सितंबर के बाद घूमने का प्लान है, क्या अभी होटल बुक करने पर मिलेगा जीएसटी रेट कट का फायदा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी काउंसिल मीटिंग के जरिए सरकार ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सरकार ने कई वस्तु और सेवाओं पर टैक्स दर कम कर दी है। अब जीएसटी के तहत दो तरह के टैक्स स्लैब ही होंगे, इनमें 5त्न और 12त्न रहने वाला है।

GST Rate Cut का उद्देश्य आम आदमी को बड़ी राहत प्रदान करना है। नई जीएसटी रेट के तहत सभी होटल बुकिंग पर 12 फीसदी की जगह 5 फीसदी टैक्स लगाया जाएगा। अब बहुत से लोगों के मन में ये सवाल है कि अगर 22 सितंबर के बाद के लिए अभी से प्री बुकिंग की जाए, तो टैक्स बेनिफिट मिलेगा? आइए जानते हैं।

हमने इसकी जांच के लिए Make My Trip प्लेटफॉर्म का उपयोग किया। हमने अक्टूबर के लिए प्री बुकिंग के लिए किया। जब बिलिंग पर गए, तो देखा कि इसमें 12 फीसदी टैक्स लगाया जा रहा है। इसका मतलब है कि प्री बुकिंग पर अभी आपको जीएसटी रेट कट का मुनाफा नहीं मिलेगा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# जबलपुर ने फिर देश में हासिल किया दूसरा स्थान, मिला 1 करोड़ का इनाम

जबलपुर। जबलपुर ने संपूर्ण भारत में लगातार दूसरी बार स्वच्छ वायु वाले शहर होने का गौरव बरकरार रखा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025' में जबलपुर दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतरगत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के नतीजे मंगलवार को जारी किए गए, जिसमें स्वच्छ आबोहवा वाले 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जबलपुर को लगातार द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर एक करोड़ पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जबकि पहले स्थान पर इंदौर और तीसरे स्थान पर सूरत रहा।

नई दिल्ली के गंगा ऑडिटोरियम, इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित होने वाले स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और



निगमायुक्त प्रीति यादव और स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी संभव अयाची को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सूरत पहले और जबलपुर दूसरे स्थान पर था।

10 से अधिक आबादी वाले 47 शहर है शामिल

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के लिए अवार्ड को तीन केटेगरी मे विभाजित किया गया था। पहला 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए है। जिसमें 47 शहर शामिल हैं। जबकि दूसरा अवार्ड तीन लाख से 10 लाख आबादी वाले शहर जिसमें 44 शहर शामिल थे। वहीं, तीसरा तीन लाख से कम आबादी वाले शहर जिसमें 40 शहर शामिल रहे।

नगर निगम जबलपुर त्योहारों के समय शहर को स्वच्छ वायु गुणवत्ता कायम रखने में सफल हुआ। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू निगायुक्त प्रीति यादव ने इसे जबलपुर के नागरिकों की उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि शहर की हवा को शुद्ध बनाए रखने के साथ ही रैकिंग सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए गए थे।

रोड स्वीपिंग मशीन और डीप फोगर मशीन की मदद से हवा को शुद्ध बनाए रखने में मदद मिली है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतरगत वायु सर्वेक्षण 2025 के तहत डॉक्यूमेंटेशन का कार्य पूरा कर 15 जून तक नगर निगम को केंद्रीय मंत्रालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया था। इसके अलावा जमीनी स्तर पर अनेक कार्य कराएं परिणाम स्वरूप ये उपलब्धि मिली।

# मुर्दा समझकर उठा ले जा रही थी पुलिस, तभी उठ खड़ा हुआ नशेड़ी सरपंच




सागर। खुरई देहात थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम वनखिरिया गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। यहां एक व्यक्ति नशे की हालत में पड़ा था। कीचड़ में पड़े इस व्यक्ति के शरीर में कोई हलचल न होने पर प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को एक शव के पड़े होने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची।

**नशे की हालत में पड़ा रहा सरपंच**-पुलिस ने उस व्यक्ति को कीचड़ से निकाला। होश में आने पर उसकी पहचान बडौली ग्राम पंचायत के सरपंच 34 वर्षीय भरत पिता परमानंद कोरी के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति बहुत देर से कीचड़ में पड़ा था। बेसुध होने से शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। इसीलिए हमने अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी।

**कीचड़ से निकाल कर सुरक्षित घर भेजा**-वहीं पुलिस ने बताया कि भरत पिता परमानंद कोरी शराब का आदि है, लेकिन आज अधिक पी लेने से उसकी यह हालत हो गई। उसे कीचड़ से निकाल कर सुरक्षित घर भेज दिया है, युवक बाड़ौली का सरपंच है। वहीं लोगों का कहना है कि गनीमत रही कि पुलिस सही समय पर पहुंच गई, नहीं तो कीचड़ में पड़े रहने से बड़ी घटना घटित हो सकती थी।

# PM मोदी करेंगे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास, जन्मदिन पर इस जिले को देंगे सौगात





भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन पर 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर के ग्राम भैंसोला में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे।मोदी मध्य प्रदेश से देश की जनता को समर्पित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे। सुमन सखी चैटबाट को लॉन्च करेंगे।

जनजातीय स्व-सहायता समूहों से स्वदेशी उत्पादों की खरीद और यूपीआई से भुगतान, सेवा पर्व, धरती आबा जनमन और कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ करेंगे। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत महिला लाभार्थियों को पौधों का वितरण, एक करोड़ सिकल सेल कार्ड के वितरण सहित स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ भी करेंगे।

कार्यक्रम में लाड़ली बहनें, स्व-सहायता समूह के सदस्य, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन योजना के हितग्राही सहित टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी, युवा उद्यमी, महिला उद्यमी एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के मध्य प्रदेश दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंत्रालय में अधिकारियों की बैठक ली और पीएम के आगमन के कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देकर कहा कि आयोजन स्थल पर कैम्प करें और वहीं से आपसी समन्वय एवं सहयोग से व्यवस्थाओं को अंजाम दें।

इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिले आवश्यक तैयारी कर लें। महिला प्रतिभागियों को आयोजन स्थल तक पहुंचने में कोई कठिनाई न होने पाए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के लिए 11 विभाग अपनी गतिविधियां प्रारंभ कर चुके हैं। बैठक में कलेक्टर धार ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अब तक की तैयारियों की जानकारी दी।

**पीएम मित्रा में तीन लाख लोगों को मिलेगा रोजगार**-मुख्यमंत्री ने कहा कि धार क्षेत्र में किसानों को बड़ी लाभ मिलेगा। प्रदेश का धार, झाबुआ, उज्जैन और निमाड़ का खरगोन, बड़वानी सबसे बड़ा कपास उत्पादक क्षेत्र है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से मध्य प्रदेश में काटन आधारित बड़े इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना होने जा रही है, यह देशभर में मंजूर सात पीएम मित्रा पार्क में से पहला पार्क है जिसका भूमि-पूजन होने जा रहा है। कपास पर आधारित बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क विकसित होगा, जिससे एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा, कुल मिलाकर तीन लाख को रोजगार मिलेगा। धार में 2,177 एकड़ में पीएम मित्रा स्थापित किया जा रहा है।

अब तक इस पार्क के लिए 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश अभिरुचि-पत्र प्राप्त हो चुके हैं। टेक्सटाइल सेक्टर में अब तक प्रदेश को 3,513 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है।

# 9th और 11th में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू, इस दिन होगी परीक्षा




भोपाल। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नौवीं व 11वीं में लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है।

चयन परीक्षा सात फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। नौवीं में प्रवेश के वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जो किसी शासकीय या मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल में सत्र 2025-26 के दौरान आठवीं में अध्ययनरत हों। साथ ही उनकी जन्मतिथि 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होनी चाहिए।

वहीं, 11वीं में प्रवेश के लिए वे छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं, जो मान्यता प्राप्त स्कूल में सत्र 2025-26 के दौरान 10वीं में अध्ययनरत हों। इन विद्यार्थियों की जन्मतिथि 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना आवश्यक है। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय स्कूल रातीबड़ जिला भोपाल के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क नंबर 0755-2896325 जारी किए गए हैं।



# मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य अध्ययन दौरे पर इंदौर पहुँचे



इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति तीन दिवसीय इंदौर-उज्जैन संभाग के अध्ययन दौरे पर इंदौर पहुँची। इंदौर में समिति की बैठक प्राक्कलन समिति के सभापति श्री अजय विश्नोई की अध्यक्षता में रेसीडेंसी में सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में लोक लेखा समिति के सभापति श्री भंवरसिंह शेखावत सहित समिति के सदस्य श्रीमती मालिनी गौड़, श्री आशीष शर्मा, डॉ. चिंतामणि मालवीय, श्री सोहनलाल वाल्मिक, श्री दिनेश जैन बोस तथा श्री देवेन्द्र सखवार, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, समिति अधिकारी श्री एम.एल. मनवानी और संभाग के जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष श्री विश्नोई ने नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, जल संसाधन, लोक निर्माण, नर्मदा घाटी विकास, ऊर्जा, खनिज साधन तथा पर्यटन विभाग द्वारा इंदौर संभाग के जिलों में कराये जा रहे कार्यों और क्रियान्वित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जिलेवार जानकारी प्राप्त की। श्री विश्नोई ने कहा कि इंदौर संभाग में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर और प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह समिति उपरोक्त विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों, उनके द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर उसका अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। इससे योजनाओं और कार्यक्रमों के और अधिक बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। श्री विश्नोई ने इंदौर नगर निगम द्वारा शहरी विकास कार्यों और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदौर में अनेक नवाचार और आदर्श कार्य हो रहे हैं। इंदौर में शहरी विकास के कार्यों से काफी सीखने का अवसर है। अन्य नगरीय निकायों को भी इंदौर से शहरी विकास के कार्यों को सीखा जा सकता है। उन्होंने इंदौर मेट्रो परियोजना की जानकारी लेते हुए कहा कि मेट्रो परियोजना को समयसीमा में पूरा कराये जाने की जरूरत है। शेष बचे भूमिगत लाईन के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों आदि के साथ बैठक कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

## मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 हेतु इंदौर में आयोजित हुई कार्यशाला



इंदौर। मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की ओर से मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 को सफल बनाने एवं प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कौशल प्रदर्शन का अवसर उपलब्ध कराने हेतु शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला राज्य स्तरीय समन्वयक श्री राजेश शर्मा एवं श्री ललित चौकीकर द्वारा आयोजित की गई।

मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 का पहला चरण जिला स्तर पर 63 स्किल्स में आयोजित होगा। इसके पश्चात संभागीय व राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन इंडिया स्कील प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। राज्य स्तर से चयनित प्रतिभागियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी वर्ल्ड स्कील प्रतियोगिता-2026 शंघाई (चीन) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यशाला का संचालन संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग श्री सतीश मोरे एवं प्राचार्य इंदौर आईटीआई श्री अशोक कुवाल के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षु प्रमुख श्री विपिन पुरोहित, जिला स्तरीय समन्वयक, आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधि, तकनीकी प्राध्यापक, उद्योग प्रतिनिधि, महाविद्यालय व पॉलीटेक्निक संस्थानों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षुओं ने कार्यशाला में भाग लिया।

## कृष्णपुरा छत्री पर सर्वधर्म निशुल्क श्राद्ध तर्पण, सैकड़ो शहरवासियों की उपस्थित



इंदौर। सनातन संस्कृति में प्रत्येक समय का अपना विशेष महत्व है पितरों के प्रति सम्मान निष्ठा और समर्पण तो हर समय रखना चाहिए ही श्राद्ध पक्ष में तर्पण के लिए पितृपक्ष को श्रेष्ठतम समय माना गया है, इस समय में किया गया तर्पण पितरों को शांति प्रदान करने वाला पितृ पक्ष है

यह बाते सोमवार श्राद्ध पक्ष के दूसरे दिन सोमवार को कृष्ण पुराछत्री पर तर्पणआचार्य पं. मनोज भार्गव ने कही। इंदौर सेवा ट्रस्ट , अनंत सेवा न्यास द्वारा कराए जा रहे सर्वधर्म निशुल्क तर्पण में सुबह से ही बड़ी संख्या में शहरवासियों का एकत्रीकरण शहर के मध्य हो रहा है। इस आयोजन के संयोजक एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.योगेंद्र महंत ने बताया कि विगत 17 वर्षों से सामाजिक समरसता को लेकर सर्वधर्म संभावना की भावना से यह आयोजन कराया जा रहा है जिसमें सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं, सोमवार को 200 से ज्यादा लोगों ने सामूहिक निशुल्क तर्पण में सहभागिता की। सुबह 7ः30 से 10ः 30 तक यह क्रम अगले 14 दिनों तक जारी रहेगा।


# गौ-शालाओं को स्वावलंबी बनाना जरूरी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आत्मनिर्भर गौशाला, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। गौ-शालाएं गोबर, गौमूत्र आदि अपशिष्ट से धन अर्जित कर संपन्न बन सकती हैं। स्वावलंबी गौशालाएं विकसित करने के लिए दुग्ध उत्पादों सहित गौमूत्र-गोबर आदि से निर्मित सामग्री के विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही गौशालाओं में उपलब्ध स्थान का उपयोग सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जाए। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप देसी नस्ल के गौपालन को प्रोत्साहित किया जाए। गौशालाओं के प्रबंधन में धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं को जोड़े। प्रदेश में उपलब्ध पशुधन के अनुपात में पशु चिकित्सकों की संख्या कम है। गौवंश के बेहतर प्रबंधन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशु चिकित्सकों की संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड की मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में दिए। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार प्रदेश में देसी नस्ल के गौपालन को प्रोत्साहित करने के लिए गिर, साहीवाल, मालवी और नागौरी नस्ल के पशुधन को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के जनजातीय अंचलों में भी गौपालन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आवश्यक नवाचार किए जाएं। प्रदेश में पशुपालन-कृषि-उद्यानिकी तथा नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में समन्वित रूप से कार्य करने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी और दुग्ध उत्पादन की दिशा में भी प्रदेश, देश के शीर्षस्थ राज्यों में शामिल हो सकेगा।

## पार्श्व कल्पतरुधाम, नौ दिवसीय नवहानिका महोत्सव संपन्न



इंदौर। जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं की लालसा हर किसी को रहती है यहीं से कठिनाइयां और मन में एक दूसरे के प्रति बैर भाव भी पनपने लगता है, जबकि हमको सरल व आसन जीवन जीना है तो भौतिक सुखों से दूर होना पड़ेगा, सुख प्रदान करने वाले साधन जितने कम रहेंगे उतना ही जीवन आसान भी होगा। जीवन की गठरी में जितना कम साधन रहेगा उतना ही यह सफर आसान रहेगा।

यह विचार रविवार को देशभर के श्वेतांबर जैन समाज जनों के मध्य पश्चिम क्षेत्र के पार्श्व कल् तरु धाम स्थित अमित आराधना भवन में पूज्य मात्र हृदया अमित गुणा श्री जी महाराज सा ने धर्म सभा में व्यक्त किए। श्री धरणीधर पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट एवं श्री संघ अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि 30 अगस्त से पूज्य अमीझरा श्रीजी महाराज सा की स्मृति में 9 दिवसीय नव्हानिका महामहोत्व के समापन हुआ इसमें चेन्नई, सूरत, मुंबई, सुजालपुरे, भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ इंदौर से बड़ी संख्या में श्वेतांबर जैन समाज जन की सहभागिता रही। समापन अवसर पर सुबह 9 बजे से श्री शांति स्नात्र महापुजन और अनुष्ठान तकरीबन 12 तक जारी रहा। इसमें विधि विधान के साथ पूजा अर्चन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी सुरेश भाई चेन्नई वाले,शांतू पालरेचा, हेमंत खिमेसरा, अर्पित मारू, डॉक्टर शैलेश लुणावत आर के पारिख, अजीत चोपड़ा आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दोपहर 1 से 3 बजे तक हजारों समाजजनों ने स्वामी वात्सल्य में भी सहभागिता की।

## रेशम केन्द्र गौशाला का अपशिष्ट खेतों को करेगा उपजाऊः जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

इंदौर। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि सांवेर के ग्राम खजुरिया में रेशम केन्द्र पर नगर निगम इन्दौर द्वारा गौशाला संचालित है। इस गौशाला में गौवंश के गोमूत्र व अन्य अपशिष्ट किसानों के खेतों को उपजाऊ बनाने का निर्णय लिया है। अभी गौशाला में एकत्रित गौवंश के अपशिष्ट पदार्थ को तालाब में डाला जा रहा था। इस कारण खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर क्षेत्र के आसपास के सभी ट्यूबवेल व नलकूप के जल को दूषित कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में गंदगी एवं बीमारी फैल रही। ग्राम खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर के ग्रामीणों द्वारा इस समस्या के निराकरण की मांग की गई। इस पर मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इस समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम महापौर से चर्चा कर पार्षद श्री योगेश गेंदर व एक प्रतिनिधि मंडल को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव से उनके निवास पर चर्चा हेतु भेजा। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने ग्राम खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर के सभी ग्रामीणों से भेंटकर गौशाला संचालकों से चर्चा कर रेशम केन्द्र गौशाला का पूरा गोबर तालाबों, कांकड़ों एवं अन्य स्थानों पर न डाल कर समीप के गांव के किसानों के खेतों में डाले जाने के लिए निर्देश दिये।


hindkush.in
24x7 News portal

दैनिक हिन्दकुश

jagrayam.com
online news magazine

सर्वे भवन्तु सुखिनः    भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित



संपादक मंडल

श्री संजय ज्ञानी – संपादकीय सलाहकार
श्री संजय व्यास – संपादकीय सलाहकार डिजिटल
सुश्री परम चैतन्य – कार्यकारी संपादक
डॉ. चमन सिंह राजौरा – उप संपादक
श्री आशीष उपाध्याय – विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार
श्री भुवनेश भार्गव – विशेष संवाददाता
श्री शिरीष राव मोरे – ब्यूरो प्रमुख
श्री नरेन्द्र राठौर – संवाददाता
श्री धर्मेंद्र राठौर – संवाददाता
श्री कौशल कांतिदास वैरागी – विशेष प्रतिनिधि




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# श्राद्धपक्ष में घाटों पर तर्पण एवं पिंडदान करने आने वाले नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए-महापौर

## अस्थाई अतिक्रमण को मंदिर क्षेत्र के बाहर ही रखा जाए, सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें



उज्जैन। श्राद्धपक्ष में रामघाट, गया कोटा, सिद्धवट इत्यादि प्रमुख घाटों पर नगर निगम से संबंधित मूलभूत सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए, घाटों पर पिंडदान एवं तर्पण करने आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होना चाहिए उक्त निर्देश मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा सिद्धवट मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए गए।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि सिद्धवट मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर जो अव्यवस्थित पार्किंग है उसे यातायात विभाग के साथ मिलकर सुधार किया जाए, ठेले, गुमटियों जैसे अस्थाई अतिक्रमण को मंदिर क्षेत्र के बाहर ही रखा जाए, सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान सिद्धवट मंदिर के कर्मकांड करने वाले पंडितों द्वारा महापौर को अवगत करवाया गया कि तर्पण एवं पिंडदान करने आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए खुले क्षेत्र में शेड लगवाया जाए ताकि बारिश, गर्मी से बचाव हो सके महापौर द्वारा संबंधित अधिकारियों को एस्टीमेट बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी के साथ मंदिर में स्थित लंबे समय से बंद भोजन शाला को खुलवाए जाने हेतु एसडीएम लक्ष्मी नारायण गर्ग से दूरभाष पर चर्चा करते हुए ताला खुलवाए जाने की बात कही गई ताकि उक्त स्थान का उपयोग कर्मकांड पूजन के लिए किया जा सके, आपने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मंदिर परिक्षेत्र में स्थित शौचालय की सफाई नियमित रूप से करवाई जाए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, शिवेंद्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, पार्षद प्रतिनिधि परमानंद मालवीय, उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, प्रदीप सेन, उपयंत्री निषा वर्मा, प्रकाश विभाग से जितेंद्र पाल सिंह जादौन, स्वास्थ्य निरीक्षक इदरीष खान, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर उपस्थित रहें।

# संत रविदास घाट पर संत रविदास किर्ती स्तंभ शीघ्र निर्माण की मांग



उज्जैन। माँ क्षिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट पर प्रस्तावित संत रविदास किर्ती स्तंभ को लेकर श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्यप्रदेश एवं सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता ओमप्रकाश मोहने के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमंडल उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालुहेडा एवं निगम सभापति कलावती यादव से मिला।

श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सुर्यवंशी ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने विधायक एवं निगम अध्यक्ष से मिलकर संत रविदास किर्ति स्तंभ निर्माण में हो रही देरी की जानकारी देते हुए शीघ्र बनवाने का आग्रह किया। ओमप्रकाश मोहने ने बताया कि संत रविदास किर्ती स्तंभ फरवरी 2026 के पूर्व तैयार हो जाता है तो आगामी संत रविदास जयंती पर सभी जनप्रतिनिधियो की उपस्थिती मे सर्व रविदास अनुयायी समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा सकेगा। विधायक एवं निगम अध्यक्ष ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पुर्ण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त होते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमंडल मे प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता ओमप्रकाश मोहने, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सुर्यवंशी, कैलाशचन्द्र सुर्यवंशी, एडवोकेट अजय सिसोदीया, अर्जुन वाघेला, राजेश चौधरी, संजय परमार आदि उपस्थित थे।

# सुपेकर की कविता बी. एस. सी. के पाठ्यक्रम में

उज्जैन। शहर के साहित्यकार, सरल काव्यांजलि, सजग उज्जैन संस्था के महासचिव सन्तोष सुपेकर की पर्यावरण आधारित कविता वह पेड़', नागपुर के आर.टी.एम. विश्वविद्यालय (राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज विश्वविद्यालय) के बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की हिन्दी की पुस्तक वागीशा' में शामिल की गई है। जानकारी देते हुए संस्था सरल काव्यांजलि के राजेन्द्र देवधरे दर्पण' ने बताया कि नगर का गौरव बढ़ाने के लिए श्री सुपेकर को डॉक्टर संजय नागर, मुकेश जोशी, डॉ. हरिमोहन बुधोलिया, डॉ. पिलकेन्द्र अरोरा, नितिन पोल, डॉक्टर हरीश कुमार सिंह, मानसिंह शरद', श्रीमती माया बदेका, सुगनचन्द्र जैन, अनिल चौबे, सागर उदगीर, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉक्टर वंदना गुप्ता आदि ने बधाई प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# सनातनी हिंदू मित्र मंडल द्वारा महाआरती कर चल समारोह निकाला



उज्जैन। नयापुरा स्थित चौसठ योगिनी मार्ग पर सनातनी हिंदू मित्र मंडल द्वारा दस दिवसीय गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गणेश उत्सव के समापन पर गणेश जी की महाआरती कर चल समारोह निकला गया। इस दौरान जिसमें क्षेत्रीय रहवासियों एवं सनातनी हिंदू मित्र मंडल के सदस्यों विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सनातनी हिंदू मित्र मंडल के संस्थापक सोनू सुनील सिसोदिया ने जानकारी देते बताया कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए पिछले 23 सालों से संस्था द्वारा गणेश उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सनातनी हिंदू मित्र मंडल द्वारा दस दिवसीय गणेश उत्सव मनाया गया। महाआरती के बाद चल समारोह नयापुरा से शुरू हुआ जो ओसवाल धर्मशाला, गणेश मंदिर, भेरूनाला, से होते हुए उर्दू पुरा से पिपली नाका से होते हुए रिंग रोड ऋष्टा मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर चल समारोह समाप्त हुआ। चल समारोह में छोटे-छोटे बच्चे अखाड़े बाजी करते हुए चल रहे थे। चल समारोह का सामाजिक संगठन द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें गणेश जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर 10 दिनों तक कई धार्मिक अनुष्ठान किए गए जिसके अंतर्गत गणेश जी का आकर्षक श्रंगार कर महा आरती की गई एवं भजन संध्या सुंदरकांड छप्पन भोग आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उज्जैन महानगर की विनीता, सनातनी हिंदू मित्र मंडल के अध्यक्ष गौतम सिसोदिया, उपाध्यक्ष धीरज सांखला, कोषाध्यक्ष गौरव सिसोदिया आदि।

# जीएसटी जीआरसी बैठक में उठाए व्यापारियों के मुद्दे, परेशानियों से कराया अवगत

## ग्रीवेंस रिड्रेसल कमिटी की बैठक में उज्जैन सहित प्रदेशभर के टैक्स प्रोफेशनल्स ने बताई जीएसटी में आ रही परेशानियां



उज्जैन। जीएसटी की ग्रीवेंस रिड्रेसल कमिटी की बैठक में प्रदेश के टैक्स प्रोफेशनल्स ने अधिकारियों के सामने जीएसटी में आ रही परेशानियों को रखा। जीएसटी के कई प्रावधानों के अंतर्गत लगने वाली पेनल्टी और अनावश्यक कार्रवाई से व्यापारियों को होने वाली परेशानियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को बिंदुवार स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। जीएसटी ऑडिट एवं अन्य कार्रवाई में होने वाली व्यवहारिक परेशानियों से अवगत कराया।

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रीवेंस रिड्रेसल कमिटी की बैठक में उज्जैन से टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी अधिवक्ता एवं कर सलाहकार जितेंद्र सिंह चौहान ने टैक्स की विसंगतियों को आयुक्त केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं केंद्रीय जीएसटी एम आर मोहंती व राज्य कर आयुक्त धनराजू एस के समक्ष रखा एवं उनके निराकरण हेतु उपयुक्त कदम उठाने हेतु आग्रह किया।

जीआईसी के सदस्य अधिवक्ता जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा यह बताया गया कि केंद्रीय जीएसटी विभाग एवं राज्य कर जीएसटी विभाग द्वारा एक ही समय में एक ही व्यापारी पर दोनों विभागों द्वारा कार्रवाई की जाती है जो कि अनुचित है एवं न्यायोचित नहीं है ऐसे में व्यापारी को दोनों विभागों से कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। चौहान द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी व्यापारी को या तो केंद्रीय कर विभाग या राज्य कर विभाग के अधिकार क्षेत्र में रख लिया जावे जिससे नोटिस संबंधी समस्त कार्रवाइयों का निर्वहन केवल एक ही विभाग के समक्ष किया जा सके और अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। नियम 86 बी के तहत 1 प्रतिशत जीएसटी नगद में जमा करने के संबंध में भी यह सुझाया गया कि वर्तमान परिस्थितियों में यह नियम अब व्यावहारिक रह गया है अतः इसे खत्म किया जाना चाहिए व्यापारियों को एचएसएन कोड को जीएसटी रिटर्न में भरते समय आ रही परेशानियों से भी अवगत कराया। ग्रिवेंस रिड्रेसल कमिटी की मीटिंग में इंदौर से भी व्यापारिक संगठन एवं टैक्स संगठन के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित हुए उन्होंने भी जीएसटी में आ रही व्यावहारिक परेशानियों को आयुक्त केंद्रीकर एवं आयुक्त राज्य करके समक्ष रखा एवं उपयुक्त समाधान हेतु आग्रह किया।

# आशा भोंसले के जन्मदिन पर स्वरसंध्या आयोजित




उज्जैन। पार्श्व गायिका आशा भोंसले के जन्मदिन पर स्वरांजलि द्वारा स्वरसंध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलाकारों ने दीप प्रज्वलन किया। माधुरी मेहता, ममता शर्मा और राधा मेहता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। नितिन पोल ने बताया कि संस्था अध्यक्ष राजेश जोशी ने आशा भोंसले के जीवन संघर्ष और गीतों पर वक्तव्य दिया।

चुरा लिया हैं, आओ हुजूर तुमको, निगाहे मिलाने, और क्या अहदे वफा होते हैं, हवा के साथ साथ, दीवाना हुआ बादल, एक मैं और एक तू, मन क्यो बहका रे जैसे आशा भोंसले के गीतों की प्रस्तुति राजेश जोशी, अनिता जोशी, देवेन्द्र दुबे, राजेश सोहनी, संजय गंधे, मंगेश जोशी, पी. मधु, अनुपमा दुबे, वंदना दुबे, माधुरी मेहता, प्रियंका पांडे, ममता शर्मा, माधवी जोशी, प्रेरणा सोहनी, सुप्रिया बोथरा, राधा मेहता, रीमा मधु ने दी। कार्यक्रम का संचालन वर्षा कमलाकर ने किया। इस अवसर पर संतोष तिवारी, नेहा तिवारी आदि उपस्थित थे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com